आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 17.12.2024

समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लोकसभा में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया।
- मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विकसित उत्तराखण्ड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकारी नीतियों में आवश्यक संसोधन करने के निर्देश दिए।
- केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार' पहल को हरी झंडी दिखाई।
- नई दिल्ली में प्रदूषण के दृष्टिगत ग्रैप–टू नियमों में बदलाव के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पुरानी डीजल बसों के प्रवेश पर एक

विधेयक पेश

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लोकसभा में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया।

गौरतलब है कि हाल ही में सरकार ने देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया है।। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति ने राजनीतिक दलों और विशेषज्ञों सहित हितधारकों के साथ व्यापक विचार–विमर्श किया गया है।

एक बार जब यह कानून बन जाएगा, तो इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे और पंचायत जैसे स्थानीय निकाय चुनाव, आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे।

फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में 'फिट इंडिया साइक्लिंग मंगलवार' पहल को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस दौरान अच्छे स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया और कहा कि केवल एक स्वस्थ समाज ही एक समृद्ध राष्ट्र का विकास कर सकता है। श्री मांडविया ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार के प्रति जागरूकता के साथ स्वस्थ और हरित भारत का निर्माण करना है। फिट इंडिया साइक्लिंग ट्यूजडेज' फिट इंडिया आंदोलन के तहत एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसे 2019 में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुरू किया था।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने आज अल्मोड़ा भ्रमण के दौरान विभिन्न चिकित्सालयों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। डॉ रावत ने द्वाराहाट स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को बेहतर चिकित्सक सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

इसके पहले स्वास्थ्य मंत्री ने रानीखेत के गोविंद सिंह माहरा उप जिला चिकित्सालय में मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्री ने रानीखेत में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं, जिनके निवारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

चालान

नैनीताल जिले में परिवहन विभाग के प्रवर्तन दलों ने जिले के विभिन्न मोटर मार्गों पर जांच अभियान चलाकर 107 वाहनों के चालान कर 5 व्यावसायिक वाहनों को जब्त किया है। प्रवर्तन दल ने हल्द्वानी–नैनीताल, हल्द्वानी–भीमताल, हल्द्वानी–लालकुआं, हल्द्वानी–रुद्रपुर और हल्द्वानी–कालाढूंगी मोटर मार्गों पर ये कार्यवाही की है।

जांच दल में शामिल अधिकारियों ने बताया कि चार पहिया, दोपहिया और व्यावसायिक वाहनों पर ओवरलोड, कर, फिटनेस, परमिट, प्रदूषण प्रमाण पत्र, हेलमेट, सीटबेल्ट, ओवरस्पीड और परमिट शर्तों का उल्लंघन के मामलों में कार्यवाही की गयी।

आग

उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर भटवाड़ी तहसील के सिल्ला गांव में दो मंजिला आवासीय भवन जलकर राख हो गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। आग से आसपास की कुछ भवनों को भी नुकसान पहुंचा है। उत्तरकाशी से हमारे सहयोगी ने बताया कि आग फैलने के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने इन भवनों को पहले ही खाली करा लिया था। दमकल विभाग की दो गाड़ियों की मदद से करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि भवन लकड़ी का बना था, इसलिए आग तेजी से फैली। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

प्रांतीय अधिवेशन

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारकर अधिकारी सरकार और आम जनमानस के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं। देहरादून में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ उत्तराखण्ड के द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी किसी भी विभाग की रीढ़ होती है। कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के अधिकारी–कर्मचारी निष्ठा और शिद्दत से कार्य कर रहे हैं।

प्रशासन गांव की ओर

भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत मंत्रालय के तहत 19 से 25 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान मनाया जाएगा। देहरादून के मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि देहरादून नगर निगम की विभिन्न मलिन बस्तियों में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत विशेषज्ञ चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत की जा रहा है। इसका उद्देश्य शहर के वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना है। एन०एच०एम मिशन निदेशक स्वाति एस. भदौरिया ने बताया कि यह चिकित्सा शिविर एक नवाचार योजना के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक भी अपनी सेवाएं देंगे, जिसके माध्यम से  विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण एवं उपचार किया जाएगा।

ईडी का छापा

उत्तराखंड के कांग्रेसी नेता राजीव जैन के आवास पर आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने छापा मारा। सुबह चार बजे से ही उनके आवास पर ईडी की कार्रवाई चल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान जमीन के दस्तावेज और कुछ नकदी ईडी ने बरामद की है।

निर्देश

पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी ने भारत–नेपाल के बीच धारचूला के छारछुम में निर्माणाधीन मोटर पुल में अतिरिक्त बैरियर रखने के साथ ही गेट निर्माण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल, पुलिस, कस्टम, वन विभाग और आईबी के अधिकारियों से पुल के पास विभाग की चेक पोस्ट, चौकियां स्थापित करने के संबंध में जानकारी भी ली।

पुरानी डीजल बसों

दिल्ली सरकार के ग्रैप–टू नियमों में बदलाव के बाद राष्ट्रीय राजधानी में पुरानी डीजल बसों पर एक बार फिर से रोक लगा दी है। इसके बाद अब सिर्फ बीएस–6, सीएनजी या इलेक्ट्रिक बस ही दिल्ली जा सकती हैं।

दिल्ली सरकार के इस फैसले से उत्तराखंड परिवहन निगम की करीब 160 डीजल बसों के दिल्ली में प्रवेश पर रोक लग गई है। हालांकि, कार्बन उत्सर्जन कम होने के कारण अभी बीएस–4 वोल्वो बसों को नहीं रोका जा रहा है।

कार्याशाला संपन्न

अल्मोड़ा डायट में आयोजित शिक्षकों की तीन दिवसीय विद्यालय सुरक्षा एवं स्वच्छता विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डायट के प्राचार्य गोपाल सिंह गैड़ा ने प्रशिक्षणार्थी शिक्षकों से प्रत्येक विद्यालय के बच्चों को स्वच्छता कार्यक्रमों से जोड़ने को कहा, ताकि स्कूली स्तर से ही स्वच्छता को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बच्चों को विभिन्न आपदाओं से बचने के लिए विभिन्न उपायों की जानकारी देने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को साइबर अपराध और स्वास्थ्य सुरक्षा के बारे में भी विस्तार से जानकारी देने की आवश्यकता पर बल दिया।

स्वस्तिका जोशी

हल्द्वानी की स्वस्तिका जोशी को उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान से सम्मानित करेगा। उन्होंने कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सम्मानि करेंगे। स्वस्तिका शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम से जुड़ी हैं और अपने नृत्य से विभिन्न मंचों पर उत्तराखंड का मान बढ़ा चुकी हैं।

मौसम

उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आज बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों के तीन हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचे हिस्सों में आज हल्की बर्फबारी हो सकती है। इस बीच, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों मे कईं स्थानों पर कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। मैदानी इलाकों के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा और मौसम साफ बना रहेगा।

क्रिकेट

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा क्रिकेट टेस्ट मैच ब्रिस्बेन में खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन आज समाचार लिखे जाने तक भारत ने नौ विकेट पर 222 रन बना लिये हैं। भारत अभी भी आस्ट्रेलिया से 223 रनों से पीछे है।

बैठक

सचिवालय में विकसित उत्तराखण्ड 2047 के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के सम्बन्ध में आज बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने विकसित उत्तराखण्ड के लक्ष्य को प्राप्त करने में बाधा बन रही सरकारी नीतियों की नई परिस्थितियों के अनुरूप बनाने पर जोर दिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड में पर्वतीय कृषि में विशेषरूप से जैविक कृषि, एरोमेटिक व जड़ी–बूटियां, आयुष, नवीकरणीय ऊर्जा, वन सम्पदा, पर्यटन और आईटी और एमएसएमई को पहले ही उत्तराखण्ड विजन 2030 के तहत ग्रोथ ड्राइवर के रूप में चिन्हित किया जा चुका है। साथ ही सशक्त उत्तराखण्ड पहल के तहत राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को दुगना करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने जोर देते हुए कहा कि राज्य की प्रगति के लिए उद्यानिकी और जैविक खेती के तहत उच्च मूल्य वाली फसलों और फलों को बढ़ावा देना होगा।